# तू क्या महारथी है | By Gaurav Gupta

तू क्या महारथी है
तुझको बचने वाला तेरा सारथी है

माना के तरकश में हर बाण होगा
गांडीव धनुष का तुझको अभिमान होगा
पर मेरी नज़र में तू एक विध्यार्थी है
तू क्या महारथी है ..............

रथवान रथ पर बन के वो भगवान् बैठे
ध्वज की पताका पे हनुमान बैठे
वो रक्षक है तेरे और तू शरणार्थी है
तू क्या महारथी है...........

रस्ता मेरा यहाँ अवरुद्ध होगा
भक्त और भगवन का यहाँ युद्ध होगा
देखूंगा तू भी कितना परमार्थी है
तू क्या महारथी है ..........

अन्याय तेरे संग में होने ना देंगे
अर्जुन वो माधव तुझको मरने ना देंगे
कहे तुझसे चंदू लाला बड़ा स्वार्थी है
तू क्या महारथी है ...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%a5%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-gaurav-gupta/